Regarding four laning of Mirzapur ? Gopiganj road-Laid

डॉ. विनोद कुमार बिंद (भदोही) : मेरे लोकसभा क्षेत्र भदोही (उत्तर प्रदेश) के गोपीगंज से होते हुए हजारों की संख्या में दर्शनार्थी रोजाना मिर्जापुर जनपद के विंध्याचल धाम दर्शन करने के लिए जाते हैं और इसी मार्ग से बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन मध्य प्रदेश और अन्य क्षेत्रों की तरफ होता है । ऐसे में मिर्जापुर-गोपीगंज मार्ग को फोर लेन किया जाए या किया जाना अति आवश्यक है । इस मार्ग के फोरलेन होने से आवागमन में काफी आसानी होगी और यह मार्ग नेशनल हाईवे 19 से भी कनेक्ट हो जाएगा । इस मार्ग के फोरलेन होने से जहां तक एक तरफ दर्शनार्थियों और आमजन को आवागमन में आसानी होगी वहीं भदोही-मिर्जापुर परिक्षेत्र के कालीन कारोबार को भी इससे बड़ा लाभ मिलेगा ।